>

Title: Need to defer the levying of toll tax on Indore-Dewas by-pass of NH-3 till the six laning of the by-pass is completed.

**श्रीमती सुमित्रा महाजन (इन्दौर):** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 3 पर स्थित इन्दौर बाईपास व इन्दौर-देवास 4 लेन मार्ग का निर्माण विश्व बैंक की सहायता से किया गया था। जिस पर किसी भी प्रकार के टोल वसूली का प्रावधान नहीं था और न ही वहां पर टोल की वसूली की जा रही है। अब इन्दौर-देवास बाईपास को 4 लेन से 6 लेन में करने की योजना क्रियान्वित की जा रही है। साथ ही आंशिक लम्बाई पर सर्विस रोड बनाने का भी प्रावधान किया जा रहा है। चार लेन से छः लेन में परिवर्तित करने की योजना प्रारंभ किए जाने के पूर्व ही निर्माण एजेसिंयों द्वारा टोल प्लाजा निर्माण कर टोल की वसूली की कार्यवाही प्रारंभ की जाने वाली है। छः लेन मार्ग के निर्माण व सर्विस रोड़ की सुविधा मिलने के पूर्व ही टोल की वसूली लेना पूर्णतः अवैध है। जब तक मार्ग का निर्माण होकर उसका उपयोग प्रारंभ नहीं होता है तब तक उपयोगकर्ता से कोई वसूली लिया जाना न तो न्यायसंगत है और न ही उचित है। बाईपास निर्माण के साथ उन क्षेत्र में स्थित गांवों का विभाजन हो गया है तथा बाईपास के दोनों ओर छोटी बड़ी टाउनशिप डेवलप हो गई है। इसलिए बाईपास के निर्धारित मापदंडों अनुसार बाईपास के दोनों ओर सम्पूर्ण दूरी तक सर्विस रोड़ का प्रावधान नहीं किया गया है, जिससे जिस भाग में सर्विस रोड़ उपलब्ध नहीं है, वहां के निवासी मजबूरन बाईपास का उपयोग करते हैं, जिससे न केवल दुर्घटनाएं होती हैं, बल्कि राष्ट्रीय आवागमन में भी बाधा उत्पन्न होने से बाईपास का उद्देश्य पूरा नहीं होता है। मेरा सरकार से निवेदन है कि ऐसी परिस्थितियों में बाईपास के साथ सम्पूर्ण लम्बाई में सर्विस रोड़ का निर्माण पूर्ण किए जाने का प्रावधान किया जाये तथा चार लेन से छः लेन मार्ग एवं सर्विस रोड़ का कार्य पूर्ण होने के पूर्व किसी भी प्रकार से टोल की वसूली नहीं की जाये।